# Daily Current Affairs

Date : 25 November, 2025

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका

| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | पंचायतीराज संस्थाओं का पुनर्गठन |
| 2. | स्मार्ट पुलिसिंग के लिए एमओयू साइन |
| 3. | ट्रैवल मार्ट के लिए एमओयू |
| 4. | आउटलुक ट्रैवलर अवॉर्ड्स- 2025 में उदयपुर को मिला 'बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन' अवॉर्ड |
| 5. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. ताइक्वांडो खेल में 'कर्णावट ब्रदर्स' ने बनाया रिकॉर्ड<br>2. भू-आवंटन नीति-2025 के लिए 6 मंत्रियों की कमेटी गठित |
| 6. | भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला |
| 7. | भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) |
| 8. | असम समझौता (1985) |
| 9. | भारतीय भोजन में ऑरामाइन |
| 10. | UAE-जस्ट ट्रांजिशन वर्क प्रोग्राम |
| 11. | माउंट सेमेरु |
| 12. | IBSA (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका) |
| 13. | दक्षिण अफ्रीका जी20 शिखर सम्मेलन संपन्न |
| 14. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. सागर कवच |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## पंचायतीराज संस्थाओं का पुनर्गठन

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओ का पुनर्गठन किया गया है। पंचायती राज विभाग के अनुसार जिला परिषद्, पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायत की अधिसूचनाएँ जारी की जा चुकी हैं।

### मुख्य बिन्दु:

- **नई ग्राम पंचायतें:** प्रदेश के 41 जिलों में 3,440 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई है। इससे ग्राम पंचायतों की संख्या 11,194 से बढ़कर 14,634 हो गई है। नई पंचायतें बनने के बाद अब सरपंचों, उपसरपंचों और वार्ड पंचों के संभावित पदों की संख्या में वृद्धि हुई है।
- **नई पंचायत समितियाँ:** पंचायत समितियों की संख्या 352 से बढ़कर 437 हो गई है, जिसमें 85 नई समितियाँ शामिल हैं। इसके परिणामस्वरूप 85 नए प्रधान और 1,275 नए सदस्य बनेंगे।
- **नए जिला परिषद:** जिला परिषदों की संख्या 33 से बढ़कर 41 कर दी गई (8 की वृद्धि)। इससे 8 नए जिला प्रमुख और 136 नए सदस्य चुने जा सकेंगे।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# स्मार्ट पुलिसिंग के लिए एमओयू साइन

## चर्चा में क्यों?

- राजस्थान पुलिस और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गुजरात के बीच पुलिस मुख्यालय में राष्ट्रीय एवं आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में अकादमिक, प्रशिक्षण और अनुसंधान सहयोग को मजबूत करने के लिए एक महत्त्वपूर्ण समझौता (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



## मुख्य बिन्दु:

- यह पुलिसिंग में अनुसंधान-आधारित सुधारों और फील्ड स्तर की क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम है। एमओयू के तहत स्मार्ट पुलिसिंग, सुरक्षा नवाचार और पेशेवर क्षमता-विकास के लिए संयुक्त कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जाएगा, जिससे राज्य की आंतरिक और सार्वजनिक सुरक्षा प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकेगा।
- इस एमओयू के माध्यम से स्मार्ट पुलिसिंग, साइबर सुरक्षा, डिजिटल फॉरेंसिक तथा आंतरिक सुरक्षा जैसे महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य और अधिक संगठित तथा प्रभावी ढंग से संपादित किए जा सकेंगे। साथ ही, बड़ी घटनाओं के दौरान आवश्यकता पड़ने पर विशेषज्ञों की विशेषज्ञता का लाभ भी लिया जा सकेगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ट्रैवल मार्ट के लिए एमओयू

## चर्चा में क्यों?

- कोटा जिले में 2 से 4 जनवरी, 2026 तक हाड़ौती सेक्टर के पर्यटक स्थलों को प्रमोट करने के लिए होने वाले हाड़ौती ट्रैवल मार्ट-2026 के आयोजन के लिए पर्यटन विभाग व होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान के मध्य एमओयू साइन किया गया हैं। जिसमें देश भर से टूर ऑपरेटर भाग लेंगे तथा आने वाले सभी टूर ऑपरेटर्स को हाड़ौती संभाग के सभी पर्यटक स्थलों का भ्रमण भी करवाया जाएगा।




## मुख्य बिन्दु:

- यह ट्रैवल मार्ट कोटा, बूंदी, झालावाड़ और बारां जिलों के समृद्ध इतिहास, प्राकृतिक सुंदरता, वास्तुकला, जल विरासत, कला-संस्कृति और साहसिक पर्यटन को केंद्र में रखकर आयोजित किया जाएगा।
- पर्यटन विभाग की रणनीति के तहत भविष्य में उदयपुर और जोधपुर जिले में भी इसी मॉडल पर विशेष ट्रैवल मार्ट आयोजित किए जाएंगे, जिससे राजस्थान को वर्ष पर्यन्त पर्यटन स्थल के रूप में मजबूत पहचान मिलेगी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# आउटलुक ट्रैवलर अवॉर्ड्स- 2025 में उदयपुर को मिला ‘बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन’ अवॉर्ड

## चर्चा में क्यों?

- उदयपुर ने वेडिंग टूरिज़्म में अपने महत्व को एक बार फिर साबित करते हुए आउटलुक ट्रैवलर अवॉर्ड्स- 2025 में ‘बेस्ट वेडिंग डेस्टिनेशन’ का खिताब हासिल किया।




## मुख्य बिन्दु:

- सिक्किम के पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन मंत्री टी.टी. भूटिया ने राजस्थान पर्यटन के अधिकारियों को दिल्ली में आयोजित समारोह में पुरस्कार प्रदान किया।
- डेस्टिनेशन वेडिंग श्रेणी में राजस्थान लगातार अग्रणी रहा है। देश के लगभग 70% हेरिटेज प्रॉपर्टीज राजस्थान में स्थित है। राज्य के 120 से अधिक हेरिटेज वेन्यू नियमित रूप से डेस्टिनेशन वेडिंग की मेजबानी करते हैं।
- हाल के वर्षों में उदयपुर एशिया और वैश्विक रैंकिंग में टॉप 5 वेडिंग डेस्टिनेशन में शामिल रहा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **ताइक्वांडो खेल में 'कर्णावट ब्रदर्स' ने बनाया रिकॉर्ड**<br><br>■ जयपुर के कर्णावट ब्रदर्स (आहान-आरव) ने ताइक्वांडो खेल में इंडिया व एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज कराया।<br>■ इंडिया और एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कर्णावट ब्रदर्स ने यह उपलब्धि हासिल की।<br>■ आहान ने 1 मिनट में 113 किक्स और आरव ने 274 किक्स लगाने का रिकॉर्ड बनाया। |
| 2. | **भू-आवंटन नीति-2025 के लिए 6 मंत्रियों की कमेटी गठित**<br>■ राजस्थान सरकार ने भूमि आवंटन नीति-2025 के तहत् छूट के प्रावधानों की समीक्षा के लिए छह मंत्रियों की एक कैबिनेट उप-समिति का गठन किया है।<br>■ इस समिति का उद्देश्य भूमि आवंटन के नियमों में शिथिलता के साथ यह तय करना है कि विभिन्न क्षेत्रों के लिए कितनी छूट दी जा सकती है।<br>■ नगरीय विकास एवं आवास विभाग (UDH) को इसका नोडल विभाग बनाया है। कमेटी में डिप्टी सीएम प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर, अविनाश गहलोत, झाबर सिंह खर्रा और मंत्री हेमंत मीणा को शामिल किया है। ये कमेटी अपनी रिपोर्ट सीएम को सौंपेगी।<br>■ नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव कमेटी के सचिव होंगे। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला

### चर्चा में क्यों?

- भारत मंडपम में आयोजित 44वाँ इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर, 2025 (IITF) भारत के सांस्कृतिक रूप से समृद्ध प्रदर्शनों में से एक है।

### मुख्य बिन्दु:

- **आयोजन:** वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अंतर्गत इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन द्वारा। प्रत्येक वर्ष नई दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित होता है।
- यह वार्षिक आयोजन निर्माताओं, व्यापारियों, निर्यातकों और आयातकों के लिए एक साझा मंच प्रदान करता है।
- **प्रथम आयोजन:** 1980
- **थीम:** एक भारत श्रेष्ठ भारत


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई)

## चर्चा में क्यों?

- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के 175वें स्थापना वर्ष समारोह के एक भाग के रूप में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिन्दु:

- **शीर्षक:** अतीत का पता लगाना, भविष्य को आकार देना: जीएसआई के 175 वर्ष
- भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) खान मंत्रालय के अधीन भारत का प्रमुख राष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक संगठन है, जिसकी औपचारिक स्थापना 1851 ई. में सर थॉमस ओल्डहम द्वारा की गई थी।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# असम समझौता (1985)

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, असम सरकार ने घोषणा की है कि असम समझौता, 1985 के खंड 6 के अंतर्गत की गई अधिकांश सिफारिशों पर व्यापक सहमति बन गई है।

## मुख्य बिन्दु:

### असम समझौता

- इस समझौते पर 15 अगस्त, 1985 को भारत सरकार, असम राज्य सरकार, अखिल असम छात्र संघ (AASU) और अखिल असम गण संग्राम परिषद् (AAGSP) के बीच हस्ताक्षर किए गए थे।
- यह असम में छह साल लंबे विदेशी-विरोधी आंदोलन (1979-1985) का अंत था, जो बांग्लादेश से बड़े पैमाने पर अवैध प्रवासियों के आगमन और राज्य की जनसांख्यिकी, संस्कृति और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव से प्रेरित था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारतीय भोजन में ऑरामाइन

## चर्चा में क्यों?

- भारत में खाद्य पदार्थों में रासायनिक मिलावट की घटनाएँ लगातार जारी हैं, विशेष रूप से ऑरामाइन ओ जैसे सिंथेटिक रंगों के उपयोग के माध्यम से।

## मुख्य बिन्दु:

- ऑरामाइन ओ एक सिंथेटिक, गंधहीन पीला रंग है जिसका व्यापक रूप से उद्योग में उपयोग किया जाता है, जिसमें कपड़ा और चमड़ा प्रसंस्करण, मुद्रण स्याही और कागज निर्माण प्रक्रियाएँ शामिल हैं।
- कुछ मिठाइयों के नमूनों में मेटानिल येलो, रोडामाइन बी, और मैलाकाइट ग्रीन जैसे अन्य रंग भी पाए जाते हैं, जिन्हें भी अनुमोदित नहीं किया गया है।

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## UAE-जस्ट ट्रांजिशन वर्क प्रोग्राम

### चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, COP30 प्रेसीडेंसी ने पेरिस समझौते के तहत संयुक्त अरब अमीरात-जस्ट ट्रांजिशन वर्क प्रोग्राम (UAE-JTWP) का एक मसौदा जारी किया।

### मुख्य बिन्दु:

**UAE-JTWP**

- **परिचय:** यह जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) के तहत् न्यायसंगत संक्रमण के लिए एक कार्यक्रम है।
- **उद्देश्य:** JTWP असमानता को कम करते हुए और उच्च गुणवत्ता वाले रोजगारों का सृजन करते हुए जलवायु अनुकूलन को बढ़ावा देगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# माउंट सेमेरु

## चर्चा में क्यों?

- माउंट सेमेरु में हाल ही में उद्गार हुआ है। यह इंडोनेशिया के जीवित ज्वालामुखियों में से सबसे सक्रिय ज्वालामुखी है।




## मुख्य बिन्दु:


- **अवस्थिति:** पूर्वी जावा द्वीप। यह जावा द्वीप पर स्थित सबसे ऊँचा ज्वालामुखी है।
- यह प्रशांत अग्नि वलय का हिस्सा है, जो भूकंपीय रूप से अत्यधिक सक्रिय क्षेत्र है।
- **प्रकार:** यह एक स्ट्रैटोवोलकेनो है।
- **इंडोनेशिया में अन्य ज्वालामुखी उद्गार:** माउंट लेवोटोबी लाकी लाकी, मेरापी ज्वालामुखी आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## IBSA (भारत-ब्राजील-दक्षिण अफ्रीका)

### चर्चा में क्यों?

- जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान IBSA नेताओं की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में, भारत ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में तत्काल सुधार पर जोर दिया।



### मुख्य बिन्दु:

**भारत द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव**

- **संस्थागत संवाद:** सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने के लिए IBSA देशों के बीच राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के स्तर पर संवाद को संस्थागत बनाना।
- **IBSA डिजिटल नवाचार गठबंधन:** तीनों राष्ट्रों के बीच डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (DPI) को साझा करने के लिए प्रस्तावित। जैसे- UPI, कोविन (CoWIN)-जैसे स्वास्थ्य प्लेटफॉर्म, साइबर सुरक्षा फ्रेमवर्क्स।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **जलवायु अनुकूलन कोष:** जलवायु अनुकूल कृषि के लिए IBSA कोष स्थापित करने का प्रस्ताव।

**IBSA मंच**

- **स्थापना:** वर्ष 2003, ब्रासीलिया घोषणा के माध्यम से।
- **सदस्य:** भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका
- **उद्देश्य:** एक नई अंतरराष्ट्रीय संरचना के निर्माण में योगदान देना और वैश्विक मुद्दों पर अपनी अभिव्यक्तिओं को एक साथ लाना।

**प्रमुख पहलें**


- **IBSA ट्रस्ट फंड (2004 से कार्यरत):** इसने अल्प विकसित देशों (LDCs) के लिए धनराशि आवंटित की है।
- **संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय (UNOSSC):** यह IBSA कोष का निधि प्रबंधक और सचिवालय है।
- **IBSAMAR:** यह भारतीय, ब्राजीलियाई और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के बीच एक संयुक्त बहुराष्ट्रीय समुद्री अभ्यास है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# दक्षिण अफ्रीका जी-20 शिखर सम्मेलन संपन्न

## चर्चा में क्यों?

- दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में वर्ष 2025 का जी-20 शिखर सम्मेलन अफ्रीकी धरती पर "एकजुटता, समानता, स्थिरता" विषय के अंतर्गत आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन है।




## मुख्य बिन्दु:

### शिखर सम्मेलन की विशेषताएँ

- जलवायु कार्रवाई, ऋण स्थिरता, और कमजोर विकासशील देशों को समर्थन देने की प्रतिबद्धताओं की पुष्टि करते हुए जी-20 नेताओं के घोषणापत्र को अपनाना।
- संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् सुधार और साझा मानवता (उबंटू) पर आधारित मजबूत बहुपक्षीय सहयोग सहित संस्थागत सुधारों पर जोर ।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### भारत द्वारा प्रस्तावित प्रमुख विचार

- **वैश्विक पारंपरिक ज्ञान रिपॉजिटरी:** सामूहिक मानव बुद्धिमत्ता का उपयोग करना।
- **अफ्रीका स्किल्स मल्टीप्लायर:** अफ्रीका में युवाओं के कौशल को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख प्रमाणित प्रशिक्षक तैयार करना।
- **वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल प्रतिक्रिया दल:** वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से निपटने के लिए जी-20 स्वास्थ्य विशेषज्ञों की एक टीम बनाना।
- **मुक्त उपग्रह डेटा भागीदारी:** कृषि, मत्स्य पालन, आपदा प्रबंधन आदि के लिए उपग्रहों से डेटा साझा करना।
- **महत्त्वपूर्ण खनिज चक्रीयता पहल:** पुनर्चक्रण, नवाचार और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को बढ़ावा देना।
- **मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ से निपटना:** मादक पदार्थों की तस्करी और आतंकवाद से निपटने की पहल।
- जी-20 शिखर सम्मेलन के अवसर पर, भारत और इटली ने आतंकवाद के वित्त-पोषण से निपटने के लिए एक संयुक्त पहल को अपनाया।

### जी-20 के बारे में

- **स्थापना:** सन् 1999
- **सदस्य:** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, कोरिया गणराज्य, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, तुर्किये, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका, यूरोपीय संघ और अफ्रीकी संघ।
- **उद्देश्य:** सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आर्थिक मुद्दों पर वैश्विक संरचना और गवर्नेंस को आकार देने एवं मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **वार्षिक शिखर सम्मेलन:** आयोजन वार्षिक रूप से होता है। इसकी अध्यक्षता चक्रीय रूप से हस्तांतरित की जाती है।
- **ट्रोइका:** इसके अध्यक्ष को 'ट्रोइका' द्वारा समर्थन प्रदान किया जाता है। ट्रोइका में शामिल हैं: G-20 का पिछला, वर्तमान और आगामी अध्यक्ष।
- दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता के दौरान, जी-20 ट्रोइका के सदस्य ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त राज्य अमेरिका हैं।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **सागर कवच**<br>■ हाल ही में, 19-20 नवंबर, 2025 के बीच महाराष्ट्र और गोवा तटरेखा पर सागर कवच अभ्यास, 2025 आयोजित किया गया है।<br>■ यह भारतीय तटरक्षक बल द्वारा आयोजित एक अर्द्धवार्षिक तटीय सुरक्षा अभ्यास है।<br>■ **उद्देश्य:** तटीय सुरक्षा आपात स्थितियों से निपटने, महत्त्वपूर्ण तटीय प्रतिष्ठानों पर हमलों को रोकने और बहुस्तरीय तटीय सुरक्षा नेटवर्क को मजबूत करने में भारतीय तटरक्षक बल की तैयारियों का आकलन करना है। |

UTKARSH CIVIL SERVICES



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR